# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–22 सितम्बर 2025 सान्ध्य समाचार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार की जानकारी देने के लिये व्यापारियों और आम जन से सम्पर्क किया और इसे लेकर उनकी प्रतिक्रिया जानी। उन्होंने व्यावसायियों से आग्रह किया कि घटी जीएसटी का लाभ ग्रहकों को अवश्य दें और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के लिये प्रतिष्ठानों पर **'गर्व से कहो यह स्वदेशी है'** का पोस्टर जरूर लगायें। जनसम्पर्क के बाद मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि जीएसटी कम होने से आम उपभोक्ता की क्रय शक्ति बढ़ेगी, मांग से खपत और खपत से उत्पादन बढ़ेगा, जिससे नये रोजगार का सृजन भी होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि अगली पीढ़ी की जीएसटी देश की अर्थव्यवस्था को नई गति देगी।

**********

अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार आज से लागू हो गए हैं। नए कर ढांचे के तहत, जीएसटी परिषद ने अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को पांच प्रतिशत, बारह प्रतिशत, अट्ठारह प्रतिशत और अट्ठाइस प्रतिशत की चार–स्तरीय संरचना से सरल बनाकर पांच प्रतिशत और अट्ठारह प्रतिशत की दो–स्तरीय संरचना में बदल दिया है। ये सुधार विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं पर कर कम करके नागरिकों को प्रत्यक्ष राहत प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। एक रिपोर्ट–

***जीएसटी सुधारों के अंतर्गत सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों में करों में बड़ी कटौती कर आम आदमी को राहत दी है। सरकार ने 7,500 रुपये प्रतिदिन से कम किराए वाले होटल में जीएसटी को 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया है। इससे मध्यम वर्गीय परिवारों और यात्रियों के लिए यात्रा अधिक किफायती हो जाएगी और इसके साथ ही मध्यम श्रेणी के होटलों, होम–स्टे और गेस्ट हाउस में भी नए निवेश को बढ़ावा मिलेगा। इन सुधारों में कला और सांस्कृतिक सामग्रियों पर भी जीएसटी को 12 प्रतिशत से घटा कर 5 प्रतिशत किया गया है। छोटी मूर्तियों, मूल नक्काशियों, प्रिंट, शिलामुद्रण, जेवराती वस्तुओं, प्रस्तर कला के सामान आदि पर लगने वाले जीएसटी को पांच प्रतिशत कर दिया गया है। छात्रों और परिवारों को ध्यान में रखते हुए सरकार ने स्टेशनरी वस्तुएं जैसे नोटबुक, ग्राफ बुक, शार्पनर और पेंसिल को शून्य–कर श्रेणी में ला दिया है, जिससे वे और अधिक किफायती हो गई हैं। दृष्टि और शिवांग के साथ, सकलैन अख्तर आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।***

**********

सेवा और सुशासन, अर्थात जनसेवा और सुशासन के मंत्र से प्रेरित होकर, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। आज, इस विशेष श्रृंखला 'सेवा पर्व' में, हम आपके लिए ला रहे हैं कि कैसे मोदी सरकार ने किफायती आवास और शहरी कनेक्टिविटी को मजबूत किया है और देश भर के शहरों में जीवन की गुणवत्ता में सुधार किया है।

***भारत में मेट्रो अब केवल परिवहन का साधन ही नहीं रह गई है। यह भारत की विकास गाथा के केंद्र में एक जीवन रेखा बन गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, भारत ने अब दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा मेट्रो नेटवर्क है। इस महीने कोलकाता में मेट्रो रेलवे परियोजनाओं का उद्घाटन करते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बताया कि–***

***2014 से पहले देश में सिर्फ 250 किलोमीटर ही मेट्रो रूट था। आज देश में मेट्रो रूट 1000 किलोमीटर से भी ज्यादा का हो गया है। यह सारे काम इज ऑफ ट्रैवल को बढ़ाने वाले हैं ताकि 21वीं सदी के भारत को 21वीं सदी के ट्रांसपोर्ट सिस्टम की भी जरूरत है***

***यात्रियों को मेट्रो सुविधाएँ प्रदान करने से लेकर लोगों को आवास आवंटित करने तक, सरकार शहरी क्षेत्रों में जीवन स्तर में सुधार ला रही है और जीवन को सुगम बनाने के अपने लक्ष्य को पूरा कर रही है। समाचार कक्ष से मैं आकर्षिता सिंह।***

**********

शारदीय नवरात्र के पर्व का आज से शुभारम्भ हो गया है। नवरात्रि के पहले दिन आज श्रद्धालु मां भगवती के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री की आराधना कर रहे हैं। प्रदेश भर के दुर्गा मंदिरों और शक्तिपीठों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। श्रद्धालु मां का जयकारा लगा रहे हैं और पूरे विधि–विधान से पूजा–अर्चना कर रहे हैं। श्रद्धालुओं ने आज अपने घरों में कलश स्थापना की और नौ दिन के अनुष्ठान की शुरूआत की। प्रसिद्ध शक्तिपीठ विन्ध्याचल के माता बिन्ध्यवासिनी देवी मंदिर पर बीती मध्य रात्रि से ही नवरात्र मेला शुरू हो गया है। मेले की सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गये हैं। वाराणसी के दुर्गाकुण्ड सहित विभिन्न देवी मंदिरो और अयोध्या के बड़ी देवकाली, छोटी देवकाली, जालपा देवी और पाटेश्वरी देवी मंदिरो पर भी दर्शन पूजन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। उधर, प्रदेश के सभी शहरों में मां दुर्गा के पाण्डाल स्वरूप लेने लगे हैं। पण्डालों में भी आज कलश स्थापना के साथ नवरात्रि पूजन की शुरूआत हुयी।

**********

प्रयागराज के सोरांव थाना क्षेत्र के बिगहिया गांव के सामने कानपुर–बनारस राजमार्ग पर आज सुबह एक ट्रक ने खड़े चारपहिया वाहन को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में चार लोगों की मृत्यु हो गयी जबकि तीन लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**********